# कार्यालय, प्राचार्य, फुलो झानो मेडिकल कॉलेज, दुमका।

## अति अल्पकालिन निविदा सूचना संख्या – 06/2022

फुलो झानो मेडिकल कॉलेज, दुमका के Boys Hostel तथा Girls Hostel में छात्र/छात्राओं को तीन वक्त का भोजन, चाय, नास्ता आदि उपलब्ध कराने हेतु मेस के संचालन हेतु राज्य अंतर्गत निविदादाताओं के लिए बन्द निविदा दिनांक– .. 21.11.2022 के अपराह्न 05:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। सभी प्राप्त निविदा दिनांक– 22.11.2022 के अपराह्न 01:00 बजे फुलो झानो मेडिकल कॉलेज, दुमका के कार्यालय प्रकोष्ठ में क्रय समिति के समक्ष खोला जाएगा। निविदा खोलने के समय निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है। निविदा की शर्ते निम्न प्रकार है।

**(A) तकनीकी बीड**

1. निविदादाता का GST निबंधन प्रमाण पत्र संलग्न रहना चाहिए।
2. निविदादाता का पेन कार्ड संलग्न रहना चाहिए।
3. निविदादाता का वित्तीय वर्ष 2019–20, 2020–21 एवं 2021–22 का आयकर रिटर्न संलग्न रहना चाहिए।
4. निविदादाता का फुड रजिस्ट्रेशन/लाईसेंस/केटरर लाईसेंस (FASSAI) संलग्न रहना चाहिए।
5. मेस के लिए निविदादाता का राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के संस्थान में भोजन इत्यादि की व्यवस्था से संबंधित कम से कम दो वर्ष का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र (संबंधित संस्थान द्वारा निर्गत कार्यादेश की छाया प्रति सहित) संलग्न रहना चाहिए।
6. निविदा दाता को मजिस्ट्रेट अथवा नोटरी पब्लिक से शपथ पत्र की मूल प्रति देना होगा कि उनका प्रतिष्ठान/फर्म काली सूची में दर्ज नहीं है तथा सभी प्रकार के आरोपों एवं सभी प्रकार के सरकारी जाँच से मुक्त है।
7. निविदा के साथ EMD के रूप में 20,000=00 (बीस हजार) रुपये मात्र का बैंक ड्राफ्ट **Principal, Phulo Jhano Medical College, Dumka** के नाम से देय एवं दुमका में भुगतेय हो, संलग्न रहना चाहिए (Refundable)। EMD राषि पर छूट के लिए EMD Exemption से संबंधित MSME/NSIC से निर्गत कागजात संलग्न होना चाहिए।
8. निविदा शुल्क के रूप में 1000.00 (एक हजार) रुपये मात्र का बैंक ड्राफ्ट **Principal, Phulo Jhano Medical College, Dumka** के नाम से देय एवं दुमका में भुगतेय हो, संलग्न रहना चाहिए (Non-Refundable)। इस पर किसी प्रकार का छूट देय नहीं होगा।

**(B) वित्तीय बीड**

1. निविदादाता को संलग्न परिशिष्ट–1 (साप्ताहिक तीन वक्त का भोजन, चाय, नास्ता) के अनुसार एक दिन का औसत न्यूनतम दर प्रतिइकाई कम्प्यूटर द्वारा मुद्रित कराकर देना होगा। किसी प्रकार का कटिंग या ओवराईटिंग मान्य नहीं होगा। दिए गए दर सभी अतिरिक्त खर्च सहित होना चाहिए।
2. निविदादाता के द्वारा दिए गए दर छात्र/छात्राओं के द्वारा वहन किया जाएगा। उक्त राशि की वसूली के लिए कॉलेज प्रशासन की जिम्मेवारी नहीं होगी।
3. दर समान होने की स्थिति में स्थानीय निविदादाता को प्राथमिकता दी जाएगी।

**(C) अन्य शर्ते**

1. Boys Hostel तथा Girls Hostel के लिए अलग–अलग निविदा स्वीकार किया जाएगा। एक निविदादाता एक ही निविदा (यथा – Boys Hostel अथवा Girls Hostel) डाल सकते है।
2. Boys Hostel तथा Girls Hostel के लिए अलग–अलग निविदा रहने की स्थिति में संभवतः दोनो Hostel का L1 (निर्धारित न्यनतम दर) अलग–अलग रहेंगी। इस स्थिति में Boys Hostel तथा Girls Hostel का निर्धारित L1 में से जो कम रहेगा उसी दर को दोनो Hostel के मेस संचालन के लिए मान्य होगा।
3. तकनीकी बीड में सफल पाये जाने पर ही संबंधित निविदादाता का वित्तीय बीड खोला जाएगा।
4. तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड को अलग–अलग लिफाफे में बंद करना होगा एवं उसमें निविदा दाता का पूरा नाम, पता तथा तकनीकी बीड/वित्तीय बीड अंकित करना होगा। तत्पश्चात दोनों लिफाफे को एक बड़े लिफाफा में भरकर बंद करना होगा एवं उसमें निविदा दाता का पूरा नाम, पता, निविदा संख्या एवं Boys Hostel अथवा Girls Hostel अंकित करना होगा।
5. निविदा के साथ संलग्न कागजात की छाया प्रतियॉं स्वअभिप्रमाणित होना चाहिए।
6. नाष्ता, भोजन इत्यादि अच्छी तरह पका हुआ ताजा, गर्म, स्वच्छ एवं मानक स्तर का होना चाहिए।
7. भोजन बनाने हेतु कमरा की व्यवस्था कॉलेज प्रशासन के स्तर से किया जाएगा किन्तु भोजन बनाने एवं खिलाने हेतु सामग्री/कर्मी की व्यवस्था निविदादाता को स्वयं करना होगा। भोजन पकाने एवं वितरण करने वाले कर्मी कुशल एवं प्रशिक्षित होने चाहिए। संबंधित कर्मी को Mask एवं Gloves का उपयोग करना होगा।
8. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगा।
9. निविदा द्वारा निर्धारितं दर अगली निविदा द्वारा दर अनुमोदित होने तक के लिए मान्य होगा।
10. अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि बिना कारण बताये निविदा को संशोधित/रद्द कर सकते है।
11. किसी भी प्रकार का विवाद होने पर न्यायिक क्षेत्र दुमका होगा।

10.11.22

प्राचार्य,
फुलो झानो मेडिकल कॉलेज, दुमका।

## परिशिष्ट–1 (साप्ताहिक तीन वक्त का भोजन, चाय, नास्ता)

| DAYS | BREAKFAST | LUNCH | DINNER |
|---|---|---|---|
| MONDAY | BREAD BUTTER JAM, OMLET/BANANA | RICE/ROTI, BHUJIA, DAL, SABJI, SALAD, AACHAR | ROTI, CHICKEN CURRY/ PANEER DA PYAZA |
| TUESDAY | IDLI, SAMBHAR, CHATNI | RICE/ROTI, PAKODA, DAL, SABJI, AACHAR | PLAIN PARATHA/ROTI, CHANA MASALA, SEWAI, AACHAR |
| WEDNESDAY | PURI, JALEBI, SABJI | RICE/ROTI, SABJI, FISH CURRY/ PANEER CAMSICUM, DAL, SALAD, AACHAR | ROTI, DAL MAKHANI, SABJI, BHUJIA |
| THURSDAY | ALU PARATHA, CHATNI | RICE/ROTI, DAHI, CADI, SABJI, PAPPAD | PLAIN KACHORI, ALU DAM, KHEER, CHANA DAL FRI, AACHAR |
| FRIDAY | CHOLA BOTURA | RICE/ROTI, EGG CURRY/ PANNER KOFTA, DAL, SABJI, SALAD, AACHAR | JEERA RICE, ARAHAR DAL, PANEER CHILLI/CHICKEN CHILLI |
| SATURDAY | PARATHA, SABJI, JALEBI | KHICHADI, CHOKHA, PAPPAD, AACHAR, DAHI | ROTI, RAJMA MASALA, BHUJIA, SWEET, AACHAR |
| SUNDAY | VEG CHOUMIN/VEG MANCHURIUN/ SOA CHILLI | VEG BIRIANY, CHICKEN CURRY/ MATAR PANEER, SABJI, DAL, SALAD, AACHAR | DAL PARATHA, CHATNI, SABJI, AACHAR |

10.11.22